# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
**JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI**

## प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण राजकीय/अराजकीय/अल्पसंख्यक नियमित परीक्षा, 2026 के लिए पंजीयन आवेदन प्रपत्र जमा करने संबंधी आवश्यक सूचना

**विज्ञप्ति संख्या – 56/2026**

एतद् द्वारा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन0सी0टी0ई0) द्वारा मान्यता प्राप्त एवं इस परिषद् से सम्बद्ध राजकीय/अराजकीय/अल्पसंख्यक प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय/जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या, प्रशिक्षुओं एवं संबंधित पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि संबंधित प्राचार्य द्वारा उपलब्ध कराये गये नामांकन पंजी के आधार पर प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा शिक्षा सत्र 2024–26 (सत्र 30 अगस्त, 2026 तक पूरा होने की स्थिति में) के लिए पंजीयन आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन आमंत्रित किया जा रहा है। ऑनलाइन पंजीयन प्रपत्र एवं बैंक में शुल्क संबंधी चालान जमा करने की तिथि निम्न प्रकार निर्धारित की जाती है :–

| | ऑनलाइन पंजीयन आवेदन प्रपत्र भरने एवं चालान जेनरेट करने की तिथि | चालान के माध्यम से बैंक में शुल्क जमा करने की तिथि |
|---|---|---|
| विलम्ब शुल्क रहित | 18.08.2026 से 31.08.2026 तक | 02.09.2026 तक |
| विलम्ब शुल्क सहित | 01.09.2026 से 07.09.2026 तक | 09.09.2026 तक |

उक्त तिथि के पश्चात् पंजीयन प्रपत्र जमा करने की कार्रवाई नहीं की जाएगी। पंजीयन आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन जमा करने से संबंधित सभी आवश्यक निर्देश एवं शुल्क संबंधी विवरणी परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध है, का अवलोकन कर तद्नुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाय।

पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त वेबसाईट से डाउनलोड किए गए Consolidated list एवं जमा किए गए Challan की प्रति दिनांक 10.09.2026 तक परिषद् कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित किया जाय। पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण होने के शीघ्र उपरान्त ही पंजीकृत प्रशिक्षुओं का परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरे जाने से संबंधित प्रक्रिया ऑनलाइन प्रारम्भ की जाएगी।

अध्यक्ष के आदेश से,

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची।

JAC/PTT/8232/25-Secy/800/26
Dt.- 17.08.2026